aglasem.com

FOR UP CLASS 12 PREPARATION

# UP Board Class 12th Model Paper 2027 Civics

| EXAM | YEAR | TYPE | SUBJECT |
| --- | --- | --- | --- |
| UP Class 12 | 2027 | Sample Paper | Civics |

इण्टरमीडिएट परीक्षा : 2026–27

प्रतिदर्श प्रश्नपत्र

कक्षा–12

विषय–नागरिक शास्त्र

विषय कोड–130 संकेताक–323

समय : 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 100

नोट : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

निर्देश :

1– सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2– प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3– प्रश्न संख्या 11 से 20 तक अति लघु–उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 10–20 शब्दों में देना है।
4– प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघु–उत्तरीय प्रश्न–1 हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 50–60 शब्दों में देना है।
5– प्रश्न संख्या 27 से 30 तक लघु–उत्तरीय प्रश्न–2 हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 100–125 शब्दों में देना है।
6– प्रश्न संख्या 31 एवं 32 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 200–250 शब्दों में देना है।
7– सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

1. अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में शीतयुद्ध की घटना जुड़ी है– 1
   (क) द्वितीय विश्व युद्ध के अंत से (ख) रूस की क्रान्ति से
   (ग) सोवियत संघ के विघटन से (घ) संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना से
2. निम्नलिखित देशों में से कौन–सा राष्ट्र संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य नहीं है? 1
   (क) संयुक्त राज्य अमेरिका (ख) भारत
   (ग) ब्रिटेन (घ) चीन
3. सुरक्षा की परंपरागत अवधारणा में सुरक्षा नीति के प्रमुख तत्व हैं/है– 1
   (क) युद्ध (ख) सैन्य गठबंधन
   (ग) शक्ति संतुलन (घ) उपर्युक्त सभी
4. निम्नलिखित में से कौन–सा विश्व बैंक के कार्य क्षेत्र से संबंधित नहीं है? 1
   (क) मानवीय विकास (ख) सामूहिक सुरक्षा
   (ग) कृषि और ग्रामीण विकास (घ) शहरी विकास

5. वैश्वीकरण का प्रमुख कारण क्या है? 1

(क) प्रौद्योगिकी (ख) राजनेता

(ग) अन्तर्राष्ट्रीय संगठन (घ) उपरोक्त सभी

6. रजवाड़ों के शासकों ने भारतीय संघ में विलय के लिए जिस सहमति–पत्र पर हस्ताक्षर किए, उसे कहा जाता है– 1

(क) सहमति–पत्र (ख) इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेशन

(ग) मांग–पत्र (घ) इनमें से कोई नहीं

7. वर्ष 2014 में किसे भारत का नया संघीय राज्य बनाया गया? 1

(क) मणिपुर (ख) त्रिपुरा

(ग) उत्तराखण्ड (घ) तेलंगाना

8. भारत के प्रथम चुनाव आयुक्त कौन थे? 1

(क) सुकुमार सेन (ख) जी0वी0 मावलंकर

(ग) जे0एम0 लिंगदोह (घ) एम0एस0 गिल

9. योजना आयोग के स्थान पर नीति आयोग की स्थापना कब की गई? 1

(क) 2014 (ख) 2016

(ग) 2015 (घ) 2017

10. निम्नलिखित में से कौन–सा आपातकाल की घोषणा से मेल नहीं खाता है? 1

(क) संपूर्ण क्रान्ति का आह्वान (ख) ऑपरेशन ब्लू स्टार

(ग) 1974 की रेल हड़ताल (घ) इलाहाबाद उच्च न्यायालय का फैसला

## (अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)

11. संयुक्त राष्ट्र संघ के दो विशिष्ट अभिकरणों के नाम लिखिए। 1+1

12. पृथ्वी सम्मेलन कब एवं कहाँ आयोजित किया गया? 1+1

13. 'साझी संपदा' से क्या अभिप्राय है? 2

14. 'वर्ल्ड सोशल फोरम' (WSF) क्या है? 2

15. मूलवासी से क्या तात्पर्य है? 2

16. 'एक दल के प्रभुत्व का दौर' से क्या आशय है? 2

17. गैर–कांग्रेसवाद का क्या अर्थ है? 2

18. 'सिंडिकेट' किसे कहा जाता था? 2

19. असम समझौता कब एवं किनके मध्य हुआ? 1+1

20. 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' कब एवं कहाँ चलाया गया? 1+1

## (लघु उत्तरीय प्रश्न–I)

21. सोवियत संघ के विघटन के परिणामों की विवेचना कीजिए। **5**

22. संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता क्यों आवश्यक है? इस सम्बन्ध में अपना मत स्पष्ट कीजिए। **5**

23. क्या आतंकवाद आज विश्व की सुरक्षा के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है? तर्क सहित अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए। **5**

24. राज्य पुनर्गठन आयोग के प्रमुख कार्यों का उल्लेख कीजिए। **5**

25. नियोजन का क्या अर्थ है? भारत में आजादी के बाद नियोजित अर्थव्यवस्था का मार्ग क्यों चुना गया? स्पष्ट कीजिए। **2+3**

26. गठबंधन से क्या तात्पर्य है? भारत में गठबंधन की राजनीति पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। **2+3**

## (लघु उत्तरीय प्रश्न–II)

27. यूरोपीय संघ की सफलता के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन कारणों का उल्लेख कीजिए। **2+2+2**

28. वैश्विक पर्यावरण की सुरक्षा से जुड़े मुद्दे 1990 के दशक से विभिन्न देशों के प्राथमिक सरोकार क्यों बन गए हैं? **6**

29. असम आन्दोलन सांस्कृतिक अभिमान और आर्थिक पिछड़ेपन की मिली–जुली अभिव्यक्ति था। स्पष्ट कीजिए। **6**

30. भारत में प्रथम आम चुनाव कब सम्पन्न हुए? पहले आम चुनावों को कराने में कौन–सी प्रमुख समस्याएं आयीं? **2+4**

## (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

31. मिखाइल गोर्बाचेव कौन थे? सोवियत संघ विघटन में गोर्बाचेव की भूमिका का आकलन कीजिए। **2+6**

अथवा

दक्षेस (SAARC) क्या है? एक क्षेत्रीय संगठन के रूप में दक्षेस की सफलताओं एवं असफलताओं की विवेचना कीजिए। **2+6**

32. परमाणु अप्रसार संधि क्या है? परमाणु अप्रसार संधि के संदर्भ में भारत की परमाणु नीति की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। **2+6**

अथवा

'राजनीतिक भूकंप' किसे कहा गया? इसके कारणों एवं भारतीय राजनीति पर पड़ने वाले प्रभावों का उल्लेख कीजिए। **2+6**